नवभारत

Nashik | 09 July 2026 | Page 2

### पुणे के 'क्विक हील फाउंडेशन' ने किया चयन, नई कार्यकारिणी घोषित

# सीएमसीएस कॉलेज का डंका

## साइबर जागरुकता बढ़ाने के लिए छात्रों ने भरी हुंकार

■ **नाशिक, (सं.)** 'क्विक हील फाउंडेशन', पुणे के 'सायबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मविप्र के सीएमसीएस कॉलेज के साइबर क्लब को प्रतिष्ठित 'साइबर सिम्पोजियम 2026-27' के लिए चुना गया है. नाशिक जिले से इस महत्वपूर्ण मंच के लिए चयनित होने वाला यह एकमात्र कॉलेज है. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इस क्लब ने अपनी सक्रियता के दम पर महाराष्ट्र के 'सर्वश्रेष्ठ साइबर क्लब' का खिताब भी अपने नाम किया था. इस उपलब्धि के साथ ही साइबर क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है. नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पुणे स्थित क्विक हील फाउंडेशन के वरिष्ठ विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में गहन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. कार्यकारिणी में निम्नलिखित छात्र-छात्राएं शामिल हैं अध्यक्षः रिया पाटिल. सचिवः शिवानी भोसले. निदेशकः अंजली दौंड. जनसंपर्क एवं मीडिया निदेशकः सेजल आहेर.




### संस्था का प्रोत्साहन

कॉलेज की इस सफलता पर मविप्र संस्था के महासचिव नितिन ठाकरे, शिक्षाधिकारी डॉ. अजीत मोरे और प्राचार्य डॉ. मधुकर शेलार ने पूरी टीम को बधाई दी. उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का अलख जगाएंगे.